Xiaomi launched an affordable smartphone, the Redmi 9, priced at ₹8,999 on August 27. Further the company will launch the Mi TV Horizon Edition in India on September 7. Given greater interest in owning a personal vehicle to avoid public transport, Kia Motors will introduce a compact SUV, Kia Sonet, in September.

Other than these categories, e-commerce brands, OTT streaming services, mobile gaming apps, and edtech brands, too, will advertise during the festive season. "Brands in categories that are active during the summer like air-conditioners, fans, colas etc will remain dormant," says Navin Khemka, CEO, MediaCom, South Asia.

"While we do not expect a quick 'V' shaped recovery, it will be a gradual growth with every month being better than the previous one. By Diwali, the industry will observe a greater degree of normalcy," says Bhasin.

The early trends are promising. "With Ganesh Chaturthi, we have seen a healthy demand and gradual normalcy with most advertisers willing to spend at pre-COVID levels," says Ashish Sehgal, chief growth officer, advertisement revenue, Zee Entertainment Enterprises.

According to industry executives, IPL will not hamper the revenue prospects of other national broadcasters. The entire industry will see an influx of advertising, not limited to IPL, as brands may wish to opt for less premium properties with which they can associate.

To woo advertisers, Zee will be launching new fiction and non-fiction shows during the festive season across several of its channels.

"We are also launching and re-launching channels with a brand campaign refresh amongst others," Sehgal said. Other broadcasters like Viacom 18 and Sony Pictures Networks are launching their flagship shows such as Bigg Boss and Kaun Banega Crorepati during the same period.

भाजपा ने राजीव गांधी फाउंडेशन को लेकर बोला हमला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 अगस्त।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोमवार को राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल और सोनिया गांधी पर हमला बोला गया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन (आरजीएफ) और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोपी मेहुल चोकसी, राणा कपूर, जिग्नेश शाह और जाकिर नाइक की संस्थाओं से दान मिला जिन पर आपराधिक गतिविधियों के तहत संगीन मामले चल रहे हैं।

पात्रा ने कहा कि आरजीएफ को मिला दान महज कोई संयोग नहीं था, बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी। उनके मुताबिक मेहुल चोकसी ने गीतांजलि ग्रुप ऑफ कंपनीज के नवराज एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 29 अगस्त 2014 को 10 लाख रुपए दान दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राणा कपूर ने 14 सितंबर 2016 को यस बैंक के फंड से आरजीएफ को 9.45 लाख रुपए दान दिए। राणा कपूर पर धन शोधन और धोखाधड़ी के कई मामले चल रहे हैं।

पीएमएलए के तहत आरोपित कंपनी जिग्नेश शाह की स्वामित्व वाली फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड ने राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को 27 अक्तूबर 2011 को 50 लाख रुपए का दान दिया जो कि आपराधिक गतिविधि में आता है। जाकिर नाइक ने पीएमएलए के तहत आरोपित अपने संगठन इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन के माध्यम से राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को 8 जुलाई 2011 को 50 लाख रुपए का चेक दिया था।

बारामूला में ग्रेनेड हमला, छह लोग घायल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सेना के काफिले पर सोमवार को आतंकवादियों द्वारा किए गए ग्रेनेड हमले में सात स्थानीय नागरिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक, आतंकवादियों ने बारामूला कस्बे के आजादगंज में काफिले पर ग्रेनेड फेंका। यह काफिला श्रीनगर जा रहा था।

अधिकारियों ने कहा कि ग्रेनेड निशाना चूक गया और सड़क किनारे गिरकर फटा, जिससे छह नागरिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि आतंकवादियों की पुलवामा हमले जैसी साजिश थी। इस बार निशाना सेना के वाहन को बनाया गया। भारतीय सेना के वाहन को निशाना बनाकर ग्रेनेड फेंका गया। लेकिन वाहन आगे बढ़ गया और आतंकियों का निशाना चूक गया। ग्रेनेड बीच सड़क पर गिरकर फटा। इस हमले में घायल हुए स्थानीय लोगों ने सैनिकों ने अस्पताल पहुंचाया। सेना ने घटनास्थल पर चौकसी बढ़ा दी है। इलाके में घेराबंदी करके आतंकियों की तलाश शुरू कर दी गई है। तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

30 लोगों पर मामला दर्ज

इंदौर, 31 अगस्त (भाषा)।

कोरोना महामारी के मद्देनजर धार्मिक आयोजनों पर प्रशासनिक रोक के बावजूद मुहर्रम के अवसर पर यहां ताजिया जुलूस निकाले जाने पर पुलिस ने 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस उप महानिरीक्षक हरि नारायणाचारी मिश्र ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कश्मीर में लश्कर के आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जो घाटी में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को नए सिरे से खड़ा करने की कोशिश में जुटा हुआ था। रियासी जिले की एसएसपी रश्मि वजीर के मुताबिक, इस मामले में तीन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से एक सरकारी कर्मचारी है।

सरकारी कर्मचारी समेत तीन आतंकी गिरफ्तार

एसएसपी रश्मि वजीर के मुताबिक, 'तीनों लोग पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएसआइ के हैंडलर मोहम्मद कासिम के संपर्क में थे। गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकियों में से एक सरकारी कर्मचारी है। एक मजदूरी करता है और अन्य एक अपनी दुकान चलाता है। हमने उनके बैंक खातों की जांच की और उसमें कई बेनामी लेन-देन की जानकारी मिली है।'

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अभी इस मामले में और भी लोगों की गिरफ्तारी होनी है। ये लोग पूर्व आतंकियों के परिवार के संपर्क में थे और उन्हें लालच देकर अपने जाल में फंसाने की कोशिश में जुटे हुए थे। एसएसपी ने कहा, 'आइएसआइ हैंडलर इन लोगों का इस्तेमाल गाइड के तौर पर करना चाह रहा था, जिससे घुसपैठ की दशा में आतंकियों को जरूरी सामान पहुंचाया जा सके। इस मामले में करीब 11 संदिग्ध हैं। इनमें से जम्मू की एक महिला भी शामिल है, जिसने आइएसआइ हैंडलर कासिम से मुलाकात और पैसे लेने की बात कबूल की है।'

'भारत-चीन सीमा की स्थिति के बारे में अवगत कराएं प्रधानमंत्री'

नई दिल्ली, 31 अगस्त (भाषा)।

कांग्रेस ने लद्दाख के पैंगोंग सो क्षेत्र में चीन की सेना के 'उकसावे' वाले सैन्य अभियान को विफल किए जाने के बाद सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पूरी स्थिति से देश को अवगत कराना चाहिए।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने एक वीडियो जारी कर कहा, 'आए दिन भारत की संप्रभुता पर हमला हो रहा है। आए दिन हमारी सरजमीं पर कब्जे का दुस्साहस हो रहा है और आए दिन देश की धरती पर चीनी घुसपैठ हो रही है। सरकार कहां है?' उन्होंने कहा, 'भारतीय सेना निडर होकर देश की सीमाओं की रक्षा कर रही है, लेकिन रक्षा मंत्री कहां हैं? प्रधानमंत्री 'लाल आंख' कब दिखाएंगे? चीन को करारा जवाब कब दिया जाएगा?' सुरजेवाला ने कहा, 'हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री पूरी स्थिति से देश को अवगत कराएं। यह भी बताया जाए कि चीन के कब्जे से भारतीय जमीन को कब मुक्त कराया जाएगा।'

गौरतलब है कि सेना ने सोमवार को कहा कि भारतीय जवानों ने पैंगोंग सो क्षेत्र में 29 और 30 अगस्त की दरम्यानी रात को यथास्थिति बदलने के चीन की पीएलए के 'उकसावे' वाले सैन्य अभियान को विफल कर दिया। सेना के प्रवक्ता कर्नल अमन आनंद ने एक बयान में कहा, 'भारतीय सैनिकों ने पैंगोंग सो (झील) के दक्षिणी किनारे पर इस पीएलए की गतिविधि को पहले ही विफल कर दिया और जमीन पर तथ्यों को एकतरफा बदलने के चीनी इरादों को विफल करने के लिए उपाय भी किए।' कर्नल आनंद ने बताया कि मामले के हल के लिए चुशूल में 'ब्रिगेड कमांडर' स्तर की एक फ्लैग बैठक की तैयारी की जा रही है।

सेना ने भारत की संप्रभुता को सुरक्षित रखा, कांग्रेस की आंखें भीगी क्यों : भाजपा

नई दिल्ली, 31 अगस्त (भाषा)।

भाजपा ने लद्दाख में सीमा पर चीन की घुसपैठ को लेकर कांग्रेस पर जवाबी हमला करते हुए सोमवार को कहा कि जब सेना ने पड़ोसी देश के इरादों को विफल कर राष्ट्र की क्षेत्रीय संप्रभुता को सुरक्षित रखा है तो कांग्रेस क्यों आंसू बहा रही है। पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन को 'लाल आंखें' दिखाई हैं तो फिर कांग्रेस क्यों 'भीगी हुई आंखें' दिखा रही है। वह केंद्र सरकार पर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला के हमले पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने एक ट्वीट में कहा था, 'चीन द्वारा पैंगोंग सो क्षेत्र में घुसपैठ का एक और दुस्साहसिक प्रयास। हर रोज चीन घुसपैठ कर रहा है...पैंगोंग सो क्षेत्र, गोग्रा और गलवान घाटी, देपसांग, लिपु लेक, डोका ला और नाकू ला। हमारे सशस्त्र बल भारत मां की रक्षा के लिए निडर होकर खड़े हैं। लेकिन मोदी जी अपनी लाल आंख कब दिखाएंगे?' पात्रा ने कहा कि चीन से संबंधित मुद्दा किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि देश का मुद्दा है। रक्षा मंत्रालय बयान जारी कर चुका है जिसमें उसने कहा कि चीन की सेना ने भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करने की कोशिश की, लेकिन उसके प्रयास विफल कर दिए गए उन्होंने कहा, 'भाजपा और भारत के लोग भारतीय सेना को नमन करते हैं। सेना ने जिस वीरता से अपना दायित्व निभाया है और भारत की संप्रभुता की रक्षा की है, उसके लिए उसे हमारा नमन।'

एनआइए ने आइएस एजंट को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, 31 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने गुजरात में मुंद्रा डॉकयार्ड के पर्यवेक्षक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि वह पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएस के कथित एजंट के तौर पर काम कर रहा था। एनआइए के अधिकारी ने बताया कि गुजरात के पश्चिमी कच्छ के निवासी, राजकभाई कुम्भर को उत्तर प्रदेश के 'डिफेंस/आइएस मामले' की जांच के सिलसिले में रविवार को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि यह मामला चंदौली जिले में मुगलसराय से मोहम्मद राशिद की गिरफ्तारी पर लखनऊ के गोमती नगर पुलिस थाने में 19 जनवरी को दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने बताया कि एनआइए ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून (यूएपीए) के तहत छह अप्रैल को मामले को फिर से दर्ज किया था।

अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि राशिद पाकिस्तान में रहता था आइएसआइ हैंडलर के साथ संपर्क में था और दो बार पड़ोसी देश गया। एनआइए के एक प्रवक्ता ने बताया कि उसने भारत में सामरिक रूप से संवेदनशील व महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की तस्वीरें भेजीं और पाकिस्तान में आइएस हैंडलर के साथ सशस्त्र बलों की गतिविधि के बारे में सूचना साझा की।

प्रवक्ता ने बताया कि जांच में सामने आया कि कुम्भर आइएस एजंट के तौर पर काम कर रहा था और किसी रिजवान के खाते में पेटीएम के जरिए 5,000 रुपए भेजे जिसे बाद में मुख्य आरोपी राशिद तक पहुंचाया गया।

उन्होंने कहा कि यह राशि सूचना देने के लिए कुम्भर ने राशिद को आइएस हैंडलर के निर्देशों पर दी थी। कुम्भर के घर में गुरुवार को तलाशी ली गई और अपराध साबित करने वाले कई दस्तावेज बरामद किए गए। मामले में आगे की जांच जारी है।

INDOSOLAR LIMITED

CIN- L18101DL2005PLC134879

Regd. Office: C-12 Friends Colony (East), New Delhi-110065, India

Website: www.indosolar.co.in | **Email :** cirp.indosolar@gmail.com

Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June,2019

(Rs. in Lakh except EPS)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended 30.6.2019 (Unaudited)	Quarter Ended 31.03.2019 (Audited)	Quarter Ended 30.06.2018 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2019 (Audited)
I	Total Income	8.42	10.01	1,458.47	1,612.85
II	Profit/(Loss) before exceptional items	(209.48)	(1,024.97)	(3,750.55)	(9,682.18)
III	Profit / (Loss) before tax	(209.48)	(1,024.97)	(3,750.55)	(52,501.30)
IV	Net Profit/(Loss) after tax (after exceptional items/extraordinary items)	(209.48)	(1,024.97)	(3,750.55)	(52,501.30)
V	Total Comprehensive for the period Income (Comprising Profit/(Loss) and other comprehensive Income	(209.48)	(1,024.97)	(3,747.66)	(52,495.53)
VI	Paid-up equity share capital (Face value of Rs. 10/- each)	37,206.71	37,206.71	37,206.71	37,206.71
XIII	Other Equity	—	—	—	(1,35,355.20)
XIV	Earnings per equity share (EPS) (Face value of Rs. 10/- each) (not annualised):				
	- Basic (Rs.)	(0.06)	(0.28)	(1.01)	(14.11)
	- Diluted (Rs.)	(0.06)	(0.28)	(1.01)	(14.11)

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter ended June 30, 2019 filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulation, 2015. The complete format of the said Financial Results is available on the Stock Exchanges websites at www.bseindia.com; www.nseindia.com and also on Company's website i.e.www.indosolar.co.in
2. The Company Indosolar Limited is under Corporate Insolvency Resolution Process and in terms of the order of Hon'ble NCLT dated 12th April, 2019 the powers of the board of directors are suspended and are vested in the Resolution Professional and Its affair, business and assets are being managed by the Resolution Professional. The Resolution Professional is performing the function as mentioned under Insolvency and Bankruptcy Code.

For Indosolar Limited
(A company is under corporate insolvency resolution process vide NCLT order)

Place: New Delhi
Date: 31.08.2020

Sd/- Anand Kumar Agarwal, Chief Financial Officer

Sd/- Gulshan Gaba, Resolution Professional

INDOSOLAR LIMITED

CIN- L18101DL2005PLC134879

Regd. Office: C-12 Friends Colony (East), New Delhi-110065, India

Website: www.indosolar.co.in | **Email :** cirp.indosolar@gmail.com

Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter and nine months Ended 31st December, 2019

(Rs. in Lakh except EPS)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended 31.12.2019 (Unaudited)	Quarter Ended 30.09.2019 (Unaudited)	Quarter Ended 31.12.2018 (Unaudited)	Nine Months Ended 31.12.2019 (Unaudited)	Nine Months Ended 31.12.2018 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2019 (Audited)
I	Total Income	3.06	38.85	7.06	50.33	1,602.84	1,612.85
II	Profit/(Loss) before exceptional items	(242.52)	(200.53)	(1,509.40)	(652.53)	(8,657.22)	(9,682.18)
III	Profit / (Loss) before tax	(242.52)	(200.53)	(1,509.40)	(652.53)	(51,476.34)	(52,501.30)
IV	Net Profit/(Loss) after tax (after exceptional items/extraordinary items)	(242.52)	(200.53)	(1,509.40)	(652.53)	(51,476.34)	(52,501.30)
V	Total Comprehensive for the period Income (Comprising Profit/(Loss) and other comprehensive Income	(242.52)	(200.53)	(1,509.40)	(652.53)	(51,470.57)	(52,495.53)
VI	Paid-up equity share capital (Face value of Rs. 10/- each)	37206.71	37206.71	37,206.71	37,206.71	37,206.71	37,206.71
VII	Other Equity	—	—	—	—	—	(1,35,355.20)
VII	Earnings per equity share (EPS) (Face value of Rs. 10/- each) (not annualised):						
	- Basic (Rs.)	(0.07)	(0.05)	(0.41)	(0.18)	(13.84)	(14.11)
	- Diluted (Rs.)	(0.07)	(0.05)	(0.41)	(0.18)	(13.84)	(14.11)

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter and nine months ended 31st December, 2019 filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulation, 2015. The complete format of the said Financial Results is available on the Stock Exchanges websites at www.bseindia.com; www.nseindia.com and also on Company's website i.e. www.indosolar.co.in
2. The Company Indosolar Limited is under Corporate Insolvency Resolution Process and in terms of the order of Hon'ble NCLT dated 12th April, 2019 the powers of the board of directors are suspended and are vested in the Resolution Professional and Its affair, business and assets are being managed by the Resolution Professional. The Resolution Professional is performing the function as mentioned under Insolvency and Bankruptcy Code.

For Indosolar Limited
(A company is under corporate insolvency resolution process vide NCLT order)

Place: New Delhi
Date: 31.08.2020

Sd/- Anand Kumar Agarwal, Chief Financial Officer

Sd/- Gulshan Gaba, Resolution Professional

INDOSOLAR LIMITED

CIN- L18101DL2005PLC134879

Regd. Office: C-12 Friends Colony (East), New Delhi-110065, India

Website: www.indosolar.co.in | **Email :** cirp.indosolar@gmail.com

Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended 30th September, 2019

(Rs. in Lakh except EPS)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended 30.09.2019 (Unaudited)	Quarter Ended 30.06.2019 (Unaudited)	Quarter Ended 30.09.2018 (Unaudited)	Half Year Ended 30.09.2019 (Unaudited)	Half Year Ended 30.09.2018 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2019 (Audited)
I	Total Income	38.85	8.42	137.31	47.27	1,595.78	1,612.85
II	Profit/(Loss) before exceptional items	(200.53)	(209.48)	(3,397.27)	(410.01)	(7,147.82)	(9,682.18)
III	Profit / (Loss) before tax	(200.53)	(209.48)	(46,216.39)	(410.01)	(49,966.94)	(52,501.30)
IV	Net Profit/(Loss) after tax (after exceptional items/extraordinary items)	(200.53)	(209.48)	(46,216.39)	(410.01)	(49,966.94)	(52,501.30)
V	Total Comprehensive for the period Income (Comprising Profit/(Loss) and other comprehensive Income	(200.53)	(209.48)	(46,213.51)	(410.01)	(49,961.17)	(52,495.53)
VI	Paid-up equity share capital (Face value of Rs. 10/- each)	37206.71	37206.71	37,206.71	37,206.71	37,206.71	37,206.71
VII	Other Equity	—	—	—	—	—	(1,35,355.20)
VII	Earnings per equity share (EPS) (Face value of Rs. 10/- each) (not annualised):						
	- Basic (Rs.)	(0.05)	(0.06)	(12.42)	(0.11)	(13.43)	(14.11)
	- Diluted (Rs.)	(0.05)	(0.06)	(12.42)	(0.11)	(13.43)	(14.11)

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter and Half year ended 30th September, 2019 filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulation, 2015. The complete format of the said Financial Results is available on the Stock Exchanges websites at www.bseindia.com; www.nseindia.com and also on Company's website i.e. www.indosolar.co.in
2. The Company Indosolar Limited is under Corporate Insolvency Resolution Process and in terms of the order of Hon'ble NCLT dated 12th April, 2019 the powers of the board of directors are suspended and are vested in the Resolution Professional and Its affair, business and assets are being managed by the Resolution Professional. The Resolution Professional is performing the function as mentioned under Insolvency and Bankruptcy Code.

For Indosolar Limited
(A company is under corporate insolvency resolution process vide NCLT order)

Place: New Delhi
Date: 31.08.2020

Sd/- Anand Kumar Agarwal, Chief Financial Officer

Sd/- Gulshan Gaba, Resolution Professional

निम्बस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

NIMBUS

(CIN : L74899DL1993PLC055470)
पंजीकृत कार्यालयः 1001–1006, 10वीं मंजिल, नारायण मंजिल, 23, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001
ईमेल : nimbusindialtd@gmail.com वेबसाईट : www.nimbusprojectsltd.com
फोन : 011-42878900, फैक्स : 011-22424291

निम्बस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की 27वीं वार्षिक आम सभा की सूचना

सदस्यों से आग्रह है कि वे ध्यान रखें कि निम्बस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ("कम्पनी") की 27वीं वार्षिक साधारण सभा **बुधवार, 30 सितम्बर, 2020** को **12:15 बजे दोपहर** में विडियो कान्फ्रेंसिंग ("वीसी") द्वारा आयोजित की जायेगी जिसमें कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू होने वाले प्रावधानों कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी सकुर्यलर नं. 14/2020 तिथि 8 अप्रैल, 2020, साधारण सर्क्युलर नं. 17/2020, तिथि 13 अप्रैल, 2020 तथा साधारण सर्क्युलर नं. 20/2020 तिथि 5 मई, 2020 के अनुपालन में 27वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसायों को निष्पादित किया जायेगा।

27वीं एजीएम की सूचना, ई–वोटिंग की प्रक्रिया तथा निर्देश तथा वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियाँ ऐसे सदस्यों को भेजी जायेगी जिनके ईमेल आईडी'ज आरटीए/कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत है।

जिन सदस्यों ने अपने ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराये हैं, से आग्रह है कि इलेक्ट्रॉनिक पद्धति में धारित शेयरों के लिये डिपॉजिटरी पार्टिसिपैन्ट्स के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास तथा भौतिक पद्धति में धारित शेयरों के लिये कम्पनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेन्ट्स ("आरटीए"), अलंकित असाईमेंट लिमिटेड, अलंकित हाऊस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, न्यू दिल्ली–110055 के पास ईमेल भेजकर/लिखकर उसे पंजीकृत करा लें।

27वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 कम्पनी की वेबसाईट **www.nimbusprojectsltd.com** और बीएसई की वेबसाईट **www.bseindia.com** पर उपलब्ध कराई जायेगी।

यह कम्पनी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों, दोनों रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में ई–वोटिंग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने सदस्यों को मताधिकार के प्रयोग की सुविधा उपलब्ध करा रही है। वह पद्धति जिसमें भौतिक रूप से शेयर धारित करने वाले सदस्य अथवा जिन्होंने अपने ई– मेल पते पंजीकृत नहीं कराये हैं, ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं, सहित ई–वोटिंग की प्रक्रिया के लिये निर्देश 27वीं एजीएम की सूचना के भाग के रूप में उपलब्ध कराई जायेगी।

सदस्यों से अनुरोध है कि वार्षिक साधारण सभा की सूचना में उल्लिखित सभी निर्देशों खासकर वार्षिक साधारण सभा में शामिल होने के निर्देशों व सभा के दौरान ई रिमोट द्वारा ई–वोटिंग व ई–वोटिंग करने के तरीके को सावधानीपूर्वक पढ़ें।

कृते निम्बस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
हस्ता/–
साहिल अग्रवाल
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता सं. ए36817

तिथि : 31 अगस्त, 2020
स्थान : नई दिल्ली

कार्यालय, वसूली अधिकारी– II, ऋण वसूली न्यायाधिकरण – III, दिल्ली

चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली–110001

बिक्री उद्घोषणा

आर.सी. न. 853/2018 दिनांक 21–08–2020

बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं को देय ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 38, 52 (2) के तहत बिक्री की उद्घोषणा

बैंक ऑफ इंडिया बनाम दिनेश कुमार सिंघल एवं अन्य

सेवा में,
1. **श्री दिनेश कुमार सिंघल** पुत्र श्री ओम प्रकाश सिंघल, स्वामी मैसर्स सिंघल फ्यूल इंडस्ट्रीज, ग्राम–भोजपुर, तहसील पोहारी, जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश
अन्य पता :– ए–131, सेक्टर–55, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा–201301 (उत्तर प्रदेश)।
अन्य पता :– बी–1 / 46, लेन नंबर 3, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली
अन्य पता :– 1017, वास्तो ब्लॉक, महागुन मैन्सन, इंदिरापुरम, गाजियाबाद–201010
2. **सुश्री शशि सिंघल** पत्नी श्री दिनेश सिंघल, निवासी ए–131, सेक्टर–55, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा–201301 (उत्तर प्रदेश)।
अन्य पता :– बी–1 / 46, लेन नंबर 3, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली

जबकि आप पीठ अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, दिल्ली द्वारा **ओ.ए. सं. 423 / 2016 / डीआरटी– III दिल्ली** में जारी वसूली प्रमाणपत्र **दिनांकित 01–11–2018** के अनुसार आपके द्वारा देय **रू. 7,87,82,203.40 (रूपए सात करोड़ सतासी लाख बयासी हजार दो सौ तीन तथा पैसे चालीस मात्र)** की राशि प्रमाणपत्र के अनुसार देय लागत , अनुषंगी खर्च तथा 16–05–2016 की प्रभावी तिथि से देय 12 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित चुकाने में असफल रहे हैं।

और जबकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त वसूली प्रमाणपत्र के समाधान में नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री करने का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कोई स्थगन आदेश नहीं होने की स्थिति में, **उक्त सम्पत्ति 30–09–2020 को अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच** (समाप्ति से पूर्व अंतिम 5 मिनट में कोई बोली आने की स्थिति में स्वतः विस्तार क्लॉज सहित, यदि अपेक्षित है) **ई–नीलामी द्वारा बेची जाएगी तथा बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (एबीसी प्रोक्योर), ए–201 / 208, वॉल स्ट्रीट– II, ओरियंट क्लब के सामने, गुजरात कालेज के निकट, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद–380006 गुजरात (भारत) फोन : +91 079 61200594 / 598 / 568 / 587 / 538 की वेबसाइट : http//drt.auctiontiger.net के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बोलीदान" होगा। किसी पूछताछ हेतु सम्पर्क करें श्री नीतीश झा, मोबाइल नंबर 7982880393, ई–मेल : delhi@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net.**

आगे विवरण के लिए सम्पर्क करें : श्री यू.वी. पाटिल, सहायक, वसूली प्रकोष्ठ, डीआरटी– III, दिल्ली।

उपरोक्त नामक प्रतिवादी की जिस सम्पत्ति की बिक्री की जाएगी, उसका वर्णन नीचे अनुसूची में किया गया है तथा उक्त सम्पत्ति की देयताओं तथा जब्ती दावों, जिनका अभी तक अभिनिश्चयन किया गया है, अनुसूची में प्रत्येक लॉट के सामने वर्णित अनुसार हैं।

बिक्री से संबंधित कोई ड्यूटी करने वाला कोई भी अधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति के लिए बोली नहीं लगाएगा, बेची गई सम्पत्ति में कोई हित अर्जित नही करेगा अथवा अर्जित करने का प्रयास नहीं करेगा। यह बिक्री आय कर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित शर्तों और उनके तहत बनाए गए नियमों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के तहत होगी।

संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, असत्यकथन या विलोपन के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।

1. सम्पत्तियों का वर्णन, सुरक्षित मूल्य तथा ईएमडी निम्नानुसार हैं :

क्र. सं.	सम्पत्ति विवरण	सुरक्षित मूल्य / ईएमडी
1.	सर्वे नंबर 44 / 6, ग्राम भोजपुर, तहसील पोहारी, जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में बायो फ्यूल ब्रिकेट्स के विनिर्माण हेतु प्लाण्ट एवं मशीनरी (ब्रिकेटिंग प्रेस 129mm हाई टेक लुब्रीकैंट्स एवं कूलिंग चिलर सहित, बायो मास फ्यूल ब्रिकेटिंग लाइन का हिस्सा, जिसमें स्क्रू कन्वेयर, ड्रायर मय पैनल, इलेक्ट्रिक मोटर तथा ब्लोअर शेड के बाहरद फिटेड डक्टिंग के साथ कनेक्टेड तथा डीजी सेट 380 केवीए वोल्वो पेंटा मेक शामिल हैं)।	रू. 26,77,000 / – ईएमडी : 2,67,700 / –
2.	पटवारी हल्का नंबर 51, सर्वे नंबर 44 / 6, पीपीरघर रोड, ग्राम भोजपुर, तहसील पोहारी, जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में भूमि एवं भवन। (प्लॉट एरिया 0.78 हेक्टेयर (7800 वर्ग मीटर)	रू. 20,30,000 / – ईएमडी : 2,03,000 / –
3.	सर्वे नंबर 44 / 9, पीपीरघर रोड, ग्राम भोजपुर, तहसील पोहारी, जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में भूमि परिमाप 0.78 हेक्टेयर (7800 वर्ग मीटर)	रू. 3,10,000 / – ईएमडी : 31,000 / –

सम्पत्तियां सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएंगी।

2. **प्रत्येक सम्पत्ति हेतु** बोली कम से कम **रू. 50,000 / – (रू. पचास हजार मात्र)** बढ़ाई जा सकेगी। बोली अथवा बोलीदाता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में संपत्ति की नीलामी दोबारा की जाएगी।

3. उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। उच्चतम बोली को स्वीकार / अस्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का विवेकाधिकार होगा, यदि पेश की गई ऑफर उसको स्वीकार किए जाने हेतु स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत होती है।

4. ईएमडी **"वसूली अधिकारी– II, डीआरटी– III, दिल्ली" के पक्ष में डीडी / पे आर्डर के रूप में 28–09–2020** तक जमा की जाएगी। उसके बाद जमा की गई ईएमडी ई–नीलामी में भाग लेने हेतु स्वीकार्य नहीं होगी।

5. पैन कार्ड, पता प्रमाण तथा पहचान प्रमाण की प्रति, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर तथा घोषणा यदि वे अपनी स्वयं की ओर से अथवा अपने प्रधानों की ओर से बोली दे रहे हैं। उत्तरवर्ती मामले में, उन्हें प्राधिकारपत्र प्रस्तुत करना होगा तथा चूक करने पर उनकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी। कम्पनी के मामले में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति या कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी के प्रतिनिधित्व / अटॉर्नी की पुष्टि करता हो, जमा करना होगा और ऐसी जमा की रसीद / प्रतिपन्ना उक्त सेवा प्रदाता या सीएच बैंक को ई–मेल द्वारा या अन्य प्रकार से उक्त तिथि तक प्राप्त हो जानी चाहिए और उसकी हार्ड कॉपी **वसूली अधिकारी– II, डीआरटी– III, नई दिल्ली को दी जाएगी।**

6. सफल बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली की 25 प्रतिशत राशि, ईएमडी समायोजन के बाद, अगले बैंक कार्य दिवस को अर्थात **अप. 03.00 बजे तक उक्त खाते में ऊपर पैरा में वर्णित विवरण के अनुसार जमा करनी होगी।**

7. क्रेता को अंतिम बोली की **75 प्रतिशत राशि सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से 15 वें दिन को अथवा पूर्व** जमा करनी होगी। **यदि 15वां दिन रविवार या अवकाश है,** तब 15वें दिन के बाद पहले बैंक कार्य दिवस को ऊपर पैरा 4 में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त क्रेता को **रू. 1,000 / – तक 2 प्रतिशत की दर पर तथा रू. 1,000 / – से अधिक पर 1 प्रतिशत की दर पर पाउण्डेज शुल्क रजिस्ट्रार, डीआरटी– III, दिल्ली के पक्ष में डीडी द्वारा वसूली अधिकारी– II, डीआरटी– III, दिल्ली के पास जमा करना होगा।**

8. सम्पत्ति **संभावित बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण के लिए 24–09–2020 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक** खुली रहेगी।

9. निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री नए सिरे से की जाएगी। ऐसी बिक्री से पहले उसकी नई उद्घोषणा जारी की जाएगी। बोलीदाता द्वारा पहले जमा की गई राशि, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, बिक्री के व्यय काटने के बाद, सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता के, सम्पत्ति अथवा उसके किसी अंश अथवा सम्पत्ति की पुनरबिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी अंश के संबंध में, सभी दावे जब्त मान्य होंगे।

10. सम्पत्ति की बिक्री **"जैसा है जहां है तथा जो है जैसा है आधार"** पर की जा रही है। **यदि सम्पत्ति / सम्पत्तियों पर किसी प्राधिकरण की काई राशि बकाया है, तो उसका भुगतान क्रेता / क्रेताओं द्वारा किया जाएगा, जो बोली राशि के अतिरिक्त होगा।**

11. अधोहस्ताक्षरी के पास अनुपयुक्त पाई जाने पर किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने अथवा किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, नीलामी स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

12. इस समय अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में सम्पत्तियों के संबंध में कोई राजस्व / ऋणभार अथवा मांगदावा का विवरण नहीं है। तथापि, संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे, अपने स्वयं के हित में, ईएमडी जमा करने से पूर्व बिजली / पानी / गृह कर बिल के बकाया अथवा किसी अन्य ऋणभार के संबंध में सावधानीपूर्वक जांच कर लें।

13. सीएच बैंक को ऊपर दिया विवरण प्रमाणित करने तथा उसकी सत्यता की जांच करने का निर्देश दिया जाता है।

(विकास जेटली)
वसूली अधिकारी– II,
डीआरटी– III, दिल्ली